**फाइल सं. 12015/03/2020-आईटी**
**भारत सरकार**
**वस्त्र मंत्रालय**

दिनांक: 28 दिसंबर, 2021

**दिनांक 24.09.2021 की अधिसूचना के पैरा 8 के संबंध में एमएमएफ और तकनीकी वस्त्र क्षेत्रों के संवर्धन के लिए वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के लिए कार्यसंबंधी दिशानिर्देश।**

## 1. प्रस्तावना

1.1. **उद्देश्य:** पीएलआई योजना का उद्देश्य देश में एमएमएफ अपैरल एवं फैब्रिक्स तथा तकनीकी वस्त्र उत्पादों के उत्पादन को बढ़ावा देना है ताकि वस्त्र उद्योग को आकार और पैमाना प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके; वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाया जा सके और लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित किए जा सकें। यह योजना व्यवहार्य उद्यम और प्रतिस्पर्धी वस्त्र उद्योग का निर्माण करने में सहायता करने के लिए है।

1.2. वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को दिनांक 24.09.2021 की अधिसूचना संख्या 12015/03/2020-आईटी के माध्यम से अधिसूचित किया गया है और दिनांक 27.09.2021 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया। इस योजना में भारत में निर्मित एमएमएफ अपैरल, एमएमएफ फैब्रिक्स तथा तकनीकी वस्त्र उत्पादों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन की परिकल्पना की गई है। अधिसूचित उत्पादों की सूची **परिशिष्ट-Iए, Iबी और Iसी** में दी गई है। यह योजना राजपत्र में इसकी अधिसूचना की तारीख से प्रभावी हुई है।

1.3. डीपीआईआईटी, नीति आयोग, वाणिज्यिक विभाग, व्यय विभाग, राजस्व विभाग, निर्यात संवर्धन परिषदों और व्यापार निकायों सहित सभी हितधारकों के साथ विधिवत परामर्श करके योजना के इन दिशानिर्देशों को प्रभावी प्रचालन और सुचारू क्रियान्वयन के लिए उक्त अधिसूचना के पैरा 8 के अनुसरण में जारी किया जा रहा है।

1.4. डीपीआईआईटी द्वारा दिनांक 10.06.2020 की राजपत्र अधिसूचना सं. पी 36017/144/2020-निवेश एवं संवर्धन के माध्यम से गठित और अधिसूचित सचिवों के अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) योजना के

क्रियान्वयन को मॉनिटर करेंगे। वस्त्र के लिए पीएलआई की मॉनिटरिंग के लिए ईजीओएस की संरचना निम्नानुसार होगी;:

1. कैबिनेट सचिव, अध्यक्ष
2. सीईओ, नीति आयोग, सदस्य
3. सचिव, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, सदस्य संयोजक
4. सचिव, वाणिज्य विभाग, सदस्य
5. सचिव, राजस्व विभाग, सदस्य
6. सचिव, आर्थिक मामलों का विभाग, सदस्य
7. सचिव, वस्त्र मंत्रालय, सदस्य

मंत्रिमंडल सचिव की अध्यक्षता वाली ईजीओएस पीएलआई योजना की प्रगति की मॉनिटरिंग करेगी; योजना के अंतर्गत व्यय की समय-समय पर समीक्षा करेगी; अन्य पीएलआई के साथ एकरूपता सुनिश्चित करेगी और यह सुनिश्चित करने का समुचित प्रयास करेगी कि व्यय निर्धारित परिव्यय की सीमा के भीतर हो। ईजीओएस, 10,683 करोड़ रुपए के समग्र वित्तीय परिव्यय के भीतर, योजना की रूपरेखा में कोई परिवर्तन करने और वास्तविक कठिनाई जो क्रियान्वयन के दौरान उत्पन्न हो, से संबंधित किसी मुद्दे का निवारण करने के लिए भी अधिकृत है।

## 2. परिभाषा

2.1. **आवेदक:** इसका तात्पर्य योजना के तहत कोई कंपनी/फर्म/एलएलपी/भारत में निगमित और प्रचालन के लिए इच्छुक ट्रस्ट सहित कोई व्यक्ति है। इस योजना के अंतर्गत एक बार चयनित आवेदक को कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक नई/पृथक कंपनी गठित करना अपेक्षित होगा और नई कंपनी को **प्रतिभागी** के रूप में जाना जाएगा।

2.2. **आवेदन:** इसका तात्पर्य निर्धारित प्रपत्र में इस प्रयोजनार्थ विकसित किए गए मंत्रालय के पीएलआई पोर्टल पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत किया गया आवेदन है।

2.3. **आवेदन का अनुमोदन:** इसका तात्पर्य इस योजना के तहत पात्र कंपनी का चयन करने हेतु वस्त्र मंत्रालय (एमओटी) द्वारा अनुमोदन।

2.4. **लेखा परीक्षक का प्रमाण-पत्र:** इसका तात्पर्य घोषित किए गए कारोबार, निर्मित उत्पादों, भुगतान किए गए करों, दावा किए गए रिफंड और प्राप्त किए गए इनपुट कर क्रेडिट की सटीकता का सत्यापन करना और सभी अपेक्षित

अनुपालनों का मूल्यांकन के लिए सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र।

2.5. **खपत और माल सूची रजिस्टर:** इसका तात्पर्य प्रतिभागी द्वारा माल सूची और इनपुट तथा आउटपुट की खपत के रिकॉर्ड का रखरखाव करने के लिए रजिस्टर है**;**

2.6. **पूंजीगत सामान:** इसका तात्पर्य वे सामान हैं जिनकी कीमत प्रतिभागी की लेखा पुस्तिका में पूंजीकृत की गई है और जिनका उपयोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में किया जाता है अथवा किए जाने का इरादा है;

2.7. **चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए):** इसका तात्पर्य चार्टर्ड एकाउंटेंट अधिनियम**, 1949** की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ख) में यथापरिभाषित सीए है;

2.8. **कॉस्ट एकाउंटेंट:** इसका तात्पर्य कॉस्ट और वर्क एकाउंटेंट अधिनियम, 1959 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ख) में यथापरिभाषित कॉस्ट एकाउंटेंट है;

2.9. **कंपनी सचिव:** इसका तात्पर्य कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ग) में यथापरिभाषित कंपनी सचिव है;

2.10. **वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख:** इसका तात्पर्य वह तारीख है जिस तारीख को प्रतिभागी इस योजना के अंतर्गत प्रतिभागी द्वारा निर्मित अधिसूचित उत्पादों की बिक्री के लिए पहली जीएसटी बीजक तैयार करता है।

2.11. **वित्तीय वर्ष:** इसका तात्पर्य वह वर्ष है जो किसी कलेंडर वर्ष में 1 अप्रैल को शुरू होता है और आगामी वर्ष के 31 मार्च को समाप्त होता है।

2.12. **गेस्टेशन अवधि:** इसका तात्पर्य आवेदन में यथाघोषित न्यूनतम निर्धारित निवेश को निवेश करके अधिसूचित उत्पादों के निर्माण और उत्पादन की शुरूआत करने के लिए कंपनी की स्थापना करने हेतु प्रतिभागी कंपनी को अनुमति प्रदान की गई अवधि है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2023-24 भाग-1 और भाग-2 की गेस्टेशन अवधि होगी।

2.13. **ग्रुप कंपनी:** कंपनी अधिनियम**, 2013** में यथापरिभाषित।

2.14. **प्रोत्साहन:** इसका तात्पर्य अधिसूचित दरों के अनुसार इस योजना के तहत प्रतिभागियों को प्रदान किया जाने वाला प्रोत्साहन है।

2.15. **इनपुट:** इसका तात्पर्य परिणामी अधिसूचित उत्पादों के निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले अथवा उपयोग किए जाने के आशय वाले पूंजीगत सामानों के अलावा अन्य सामान हैं;

2.16. **निवेश:** इसका तात्पर्य अधिसूचित उत्पादों के निर्माण के लिए कारखाने की स्थापना करने के लिए प्रतिभागी द्वारा किए जाने वाले भवन और प्रशासनिक निर्माण लागत को छोड़कर संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और सिविल कार्य में कुल निवेश की राशि है।

2.17. **अनुमोदन का पत्र:** इसका तात्पर्य इस योजना के तहत निवेश को प्राधिकृत करने और उत्पादन की शुरूआत करने के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा जारी किया गया पत्र है।

2.18. **विनिर्माण:** केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (सीजीएसटी) अधिनियम, **2017** के अनुसार निर्माण से तात्पर्य कच्ची सामग्री अथवा इनपुट को इस तरीके से प्रोसेस करना होगा जिससे विशिष्ट नाम, अक्षर और उपयोग वाले नए उत्पाद की उत्पत्ति होगी और तदनुसार 'विनिर्माता' शब्द का प्रयोग किया जाएगा। ट्रेडिंग/जॉब-वर्किंग विनिर्माण की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आएगी।

2.19. **अधिसूचित उत्पाद:** 8 अंकों वाले मानव निर्मित फाइबर **(**एमएमएफ) अपैरल और एमएमएफ फैब्रिक्स की विशिष्ट एचएस लाइनों और तकनीकी वस्त्र के उत्पादों का उल्लेख **परिशिष्ट-Iए, Iबी** और **Iसी** में दिया गया है जो इस योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए पात्र हैं।

2.20. **व्यक्ति:** प्राकृतिक और वैधानिक दोनों और इसमें व्यक्तिगत, फर्म, एलएलपी, सोसायटी, कंपनी, निगम अथवा कोई अन्य वैधानिक व्यक्ति शामिल है;

2.21. **निष्पादन वर्ष:** इसका तात्पर्य वह वर्ष है जिसमें न्यूनतम/आरंभिक कारोबार/ वृद्धिशील कारोबार प्राप्त कर लिया गया है। प्रथम निष्पादन वर्ष, वित्तीय वर्ष 2024-2025; दूसरा 2025-2026; तीसरा 2026-2027, चौथा 2027-2028; एवं पांचवा 2028-2029 है।

2.22. **परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए):** इसका तात्पर्य योजना के क्रियान्वयन में सहायता/सहयोग के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक एजेंसी है।

2.23 **संबंधित पार्टी(यां):** इसका तात्पर्य जीएसटी अधिनियम की धारा 2(84) के तहत यथापरिभाषित है।

2.24 **न्यूनतम निवेश:** इसका तात्पर्य योजना के अनुसार न्यूनतम निर्धारित निवेश है।

2.25 **न्यूनतम कारोबार:** इसका तात्पर्य प्रथम निष्पादन वर्ष के लिए न्यूनतम निर्धारित कारोबार है।

2.26 **न्यूनतम वृद्धिशील कारोबार:** इसका तात्पर्य अनुवर्ती वर्ष में दूसरे निष्पादन वर्ष से आगे तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष में निर्धारित 25% वृद्धिशील कारोबार है।

2.27 **मूल्य-वर्धन फॉर्मूला:**

$$VA = \frac{A-B}{B} \times 100$$

A= जीएसटी को छोड़कर जीएसटी बीजक में घोषित उत्पाद बिक्री मूल्य

B= शुल्क/कर/उपकर को छोड़कर इनपुट/कच्ची सामग्री का खरीद मूल्य

2.28 **कच्ची सामग्री:** इसका तात्पर्य अधिसूचित तैयार उत्पादों के निर्माण के लिए अपेक्षित/प्रयुक्त इनपुट है। ये इनपुट या तो कच्ची/प्राकृतिक/अपरिष्कृत/ अनिर्मित अथवा निर्मित स्थिति में हो सकती है;

2.29 **हस्ताक्षरकर्ता:** इसका तात्पर्य आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाला प्राधिकृत व्यक्ति है।

2.30 **न्यूनतम मूल्यवर्धन:** इस योजना के प्रयोजनार्थ न्यूनतम मूल्यवर्धन का तात्पर्य एकीकृत अथवा फाइबर/यार्न से फैब्रिक अथवा फैब्रिक से परिधान और तकनीकी वस्त्र के लिए भारत में 60% मूल्यवर्धन है। तथापि, स्वतंत्र फैब्रिक्स प्रसंस्करण उद्योग (रंगाई और छपाई आदि) के लिए अपेक्षित न्यूनतम मूल्यवर्धन 30% है।

2.31 **कारोबार:** इसका तात्पर्य कर सहित सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा प्रमाणित किसी कंपनी का बिक्री कारोबार है। अधिसूचित उत्पादों की बिक्री से सामान्य बैंकिंग चैनल के माध्यम से जीएसटी बीजकों के तहत निपटाए गए उत्पादों के मूल्य को इस योजना के प्रयोजनार्थ परिगणित किया जाएगा। लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित कारोबार का मिलान लेखा परीक्षा के तहत वर्ष के लिए 12 माह की समाप्ति से पहले लेखा परीक्षित तुलन-पत्र के साथ किया जाता है।

## 3. योजना की अवधि:

3.1 यह योजना 24.09.2021 (अधिसूचना की तारीख) से 31 मार्च, 2030 तक प्रचालनशील है और इस योजना के तहत प्रोत्साहन का भुगतान केवल 5 वर्ष तक किया जाएगा।

तालिका1: योजना भाग-1 एवं भाग-2

| **वर्ष** | **गेस्टेशन अवधि** | **निष्पादन वर्ष** | **प्रोत्साहन दावा वर्ष** |
|---|---|---|---|
| * | वित्तीय वर्ष 2022-2023 | | |

| * | वित्तीय वर्ष 2023-2024 | वैकल्पिक* | वैकल्पिक * |
|---|---|---|---|
| 1 | | वित्तीय वर्ष 2024-2025 | वित्तीय वर्ष 2025-2026 |
| 2 | | वित्तीय वर्ष 2025-2026 | वित्तीय वर्ष 2026-2027 |
| 3 | | वित्तीय वर्ष 2026-2027 | वित्तीय वर्ष 2027-2028 |
| 4 | | वित्तीय वर्ष 2027-2028 | वित्तीय वर्ष 2028-2029 |
| 5 | | वित्तीय वर्ष 2028-2029 | वित्तीय वर्ष 2029-2030 |

3.2 वित्त वर्ष 2023-24 तक न्यूनतम निवेश और न्यूनतम कारोबार प्राप्त कर लेने पर तीव्र गति से निवेश किए जाने के मामले में प्रोत्साहन वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही प्रदान किया जाएगा। हालांकि ऐसे मामलों में योजना का लाभ वित्तीय वर्ष 2027-28 अर्थात् केवल 5 वर्ष तक ही उपलबध होंगे।

## 4 योजना का विवरण

4.1 **योजना भाग-1:** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक पृथक विनिर्माण कंपनी का निर्माण करने और अधिसूचित उत्पादों का निर्माण करने के लिए न्यूनतम 300 करोड़ रुपए (भूमि और प्रशासनिक भवन की लागत को छोड़कर) का निवेश करने के लिए इच्छुक कंपनी/फर्म/एलएलपी/ट्रस्ट सहित कोई व्यक्ति। ऐसी कंपनी प्रथम निष्पादन वर्ष तक विनिर्माण द्वारा और अधिसूचित उत्पादों की बिक्री करके न्यूनतम 600 करोड़ रुपए का कारोबार हासिल करने पर प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र होगी।

4.2 **योजना भाग-2:** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक पृथक विनिर्माण कंपनी का निर्माण करने और अधिसूचित उत्पादों का निर्माण करने के लिए न्यूनतम 100 करोड़ रुपए (भूमि और प्रशासनिक भवन की लागत को छोड़कर) का निवेश करने के लिए इच्छुक कंपनी/फर्म/एलएलपी/ट्रस्ट सहित कोई व्यक्ति। ऐसी कंपनी प्रथम निष्पादन वर्ष तक विनिर्माण द्वारा और अधिसूचित उत्पादों की बिक्री करके न्यूनतम 200 करोड़ रुपए का कारोबार हासिल करने पर प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र होगी।

4.3 प्रतिभागी न्यूनतम निवेश और न्यूनतम/वृद्धिशील कारोबार प्राप्त करने पर प्रोत्साहन प्राप्त करने के पात्र होंगे।

4.4 प्रथम निष्पादन वर्ष में संबंधित योजना के तहत पैरा 4.1/ 4.2 में उल्लिखित न्यूनतम कारोबार प्राप्त करने पर प्रोत्साहन की गणना की जाएगी। यदि

निर्धारित शर्तों को समय पर पूरा नहीं किया जाएगा तो प्रोत्साहन कम वर्षों के लिए और शर्तों को पूरा करने के वर्ष से उपलब्ध होगा। किंतु लागू प्रोत्साहन की दर योजना के प्रथम वर्ष के लिए यथानिर्धारित होगी और इसी प्रकार शेष अवधि के लिए होगी।

4.5 वस्त्र उत्पादों के निर्माण और बिक्री को अनुमत क्रियाविधि के रूप में माना जाएगा। तथापि, इस योजना के तहत गणना और प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए केवल अधिसूचित उत्पादों के कारोबार/बिक्री पर ही विचार किया जाएगा। अधिसूचित और गैर-अधिसूचित दोनों उत्पादों के लेखा का रखरखाव अलग से किया जाएगा।

**5. वृद्धिशील कारोबार और प्रोत्साहन की दर:**

5.1 इस योजना के तहत प्रोत्साहन न्यूनतम निवेश और न्यूनतम कारोबार की शर्तों को पूरा करने पर प्रदान किया जाएगा।

5.2 विशिष्ट निष्पादन वर्ष के लिए प्रोत्साहनों की दर का उल्लेख तालिका-2 में किया गया है।

5.3 किसी विशिष्ट वर्ष में उस वर्ष का प्रोत्साहन, नीचे तालिका 2 में यथाउल्लिखित कारोबार हासिल करने और पूर्ववर्ती वर्ष के कारोबार की तुलना में 25% अतिरिक्त वृद्धिशील कारोबार प्राप्त करने पर प्रदान किया जाएगा, जो अधिकतम 35% अनुमेय वृद्धिशील कारोबार की सीमा के अध्यधीन है।

5.4 यदि प्रतिभागी कंपनी निर्धारित कारोबार को प्राप्त करने अथवा पूर्ववर्ती वर्ष के कारोबार की तुलना में कारोबार में 25% की वृद्धि करने में असफल होती है तो उन्हें इस योजना के तहत उस वर्ष का कोई प्रोत्साहन प्रदान नहीं किया जाएगा।

5.5 ऐसे प्रतिभागियों को तभी प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा जब वे उस वर्ष के लिए निर्धारित कारोबार के लक्ष्य और घटाए गए वर्षों के लिए बाद के वर्ष में पूर्ववर्ती वर्ष के कारोबार की तुलना में कारोबार में 25% की वृद्धि, दोनों को प्राप्त करेंगे।

तालिका 2: निर्धारित कारोबार और प्रोत्साहन की दर

| **वर्ष** | **गेस्टेशन अवधि** | **निष्पादन वर्ष** | **प्रोत्साहन दावा वर्ष** | **योजना भाग 1** | | **योजना भाग 2** | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| * | वित्तीय | | | न्यूनतम | प्रोत्साहन | न्यूनतम | प्रोत्साहन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | वर्ष 2022-2023 | | | निर्धारित कारोबार | की दर | निर्धारित कारोबार | की दर |
| * | वित्तीय वर्ष 2023-2024 | वैकल्पिक * | वैकल्पिक* | | | | |
| 1 | वर्ष 1 | वित्तीय वर्ष 2024-2025 | वित्तीय वर्ष 2025-2026 | 600 करोड़ | 15% | 200 करोड़ | 11% |
| 2 | वर्ष 2 | वित्तीय वर्ष 2025-2026 | वित्तीय वर्ष 2026-2027 | 750 करोड़ | 14% | 250 करोड़ | 10% |
| 3 | वर्ष 3 | वित्तीय वर्ष 2026-2027 | वित्तीय वर्ष 2027-2028 | 937.5 करोड़ | 13% | 312.5 करोड़ | 9% |
| 4 | वर्ष 4 | वित्तीय वर्ष 2027-2028 | वित्तीय वर्ष 2028-2029 | 1171.87 करोड़ | 12% | 390.63 करोड़ | 8% |
| 5 | वर्ष 5 | वित्तीय वर्ष 2028-2029 | वित्तीय वर्ष 2029-2030 | 1464.84 करोड़ | 11% | 488.2 करोड़ | 7% |

5.6 व्याख्यात्मक किंतु पूर्ण नहीं, समझने और क्रियान्वयन में आसानी के लिए उदाहरण परिशिष्ट III में दिए गए हैं।

## 6 प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा:

6.1 दूसरे वर्ष से आगे प्रोत्साहन की गणना करने के उद्देश्य से निर्धारित न्यूनतम कारोबार में 25% की वृद्धि के अतिरिक्त 10% की सीमा का प्रावधान होगा। उस सीमा के पश्चात् प्राप्त कारोबार की गणना प्रोत्साहन के लिए नहीं की जाएगी। तथापि, प्रथम वर्ष के लिए 10% की सीमा, 2024-25 तक इस योजना के तहत किए गए निवेश के दोगुना से अधिक के कारोबार पर लागू होगी। निवेश का दोगुना +10% से अधिक प्राप्त कारोबार की गणना प्रथम वर्ष के प्रोत्साहन के लिए नहीं की जाएगी। यह योजना भाग 1 एवं 2 दोनों के लिए लागू होगी।

6.2 सांकेतिक व्याख्या परिशिष्ट **III** में दी गई है:

## 7. सामान्य शर्तें

7.1 इस योजना के तहत चयनित आवेदक निवेश शुरू करने से पहले कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक नई कंपनी बनाएगा। यह नई कंपनी उक्त योजना के तहत 'प्रतिभागी' कहलाएगी।

7.2 योजना की अधिसूचना की तारीख से संभावित निवेश की गणना भी न्यूनतम निवेश के लिए की जाएगी बशर्ते उनके प्रस्ताव को इस योजना के तहत भागीदारी के लिए अनुमोदित किया गया हो। यदि गेस्टेशन अवधि में अपेक्षित निवेश पूरा नहीं किया गया है तो शेष प्रतिबद्ध निवेश प्रथम निष्पादन वर्ष के दौरान किया जा सकता है, बशर्ते की उसी वर्ष अपेक्षित कारोबार का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया हो।

7.3 विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने और वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उच्चतर निवेश करने हेतु कोई प्रतिबंध नहीं होगा।

7.4 यदि एक ही समूह द्वारा बहुत से आवेदन किए जाते हैं तो कंपनी को चयन के समय अग्रेषित किए जाने वाले प्रस्ताव के लिए अपनी वरीयता इंगित करनी होगी। कंपनियों के किसी समूह के लिए पीएलआई के तहत केवल एक परियोजना अनुमोदित की जाएगी।

7.5 आवेदक के पास पेन/जीएसटी/डीआईएन होना चाहिए।

7.6 प्रतिभागी कंपनी को अपने पंजीकृत कारखाना परिसर में, इस योजना के तहत यथाअपेक्षित न्यूनतम मूल्यवर्धन करना होगा।

7.7 आवेदक को नई प्रतिभागी कंपनी में विनिर्माण करने के लिए यथा लागू अधिसूचित आईटीसी एचएस लाइनों/तकनीकी वस्त्र उत्पादों को घोषित करना होगा। एक बार चयनित लाइनों/उत्पादों का पालन इस योजना की अवधि तक करना चाहिए। कोई परिवर्तन होने पर वस्त्र मंत्रालय का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा।

7.8 ट्रेडिंग और जॉब वर्क से प्राप्त कारोबार की गणना, इस योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए नहीं की जाएगी।

7.9 इस योजना के तहत पंजीकृत कंपनी द्वारा निर्मित अधिसूचित वस्तु/उत्पाद प्रोत्साहन के लिए पात्र होंगे। दूसरे शब्दों में, समान समूह के वस्तुओं/उत्पादों का निर्माण करने पर भी पंजीकृत वस्तुओं/उत्पादों के अलावा, किसी कंपनी द्वारा निर्मित वस्तुओं/उत्पादों की गणना वृद्धिशील कारोबार के लिए नहीं की जाएगी।

7.10 8 डिजीट वाले एचएस कोड को इंगित करने वाले जीएसटी बीजक के तहत बेचे गए अधिसूचित उत्पाद ही न्यूनतम/वृद्धिशील कारोबार की गणना के लिए हिसाब में लिए जायेंगे।

7.11 प्रतिभागी, भारत सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित अन्य लागू योजनाओं, उदाहरण के लिए ड्यूटी छूट, ड्यूटी रियायत, ड्यूटी ड्रॉ बैक के आदि के लिए आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

7.12 प्रतिभागी की कंपनी में विदेशी (प्रवासी) निवेश समय-समय पर यथासंशोधित, समेकित एफडीआई नीति, 2020 के तहत निर्धारित मानदंडों के अनुपालन में किए जायेंगे।

7.13 प्रतिभागी को निर्धारित बीआईएस मापदंडों अथवा किसी अन्य अंतर्राष्ट्रीय मापदंड के अनुरूप उचित गुणवत्ता और परीक्षण सुविधाओं के साथ अधिसूचित उत्पादों का निर्माण करने के लिए विनिर्माण सुविधाओं की स्थापना करने के लिए वचन देना चाहिए।

7.14 कारखाना के बाहर अधिसूचित उत्पादों को प्रेषित करते समय प्रतिभागी प्रत्येक उत्पाद पर 'भारत में निर्मित' टैग लगाना सुनिश्चित करेगा।

7.15 आवेदक और इसके समूह की कंपनी(यों) को न तो किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान अथवा गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा दिवालिया अथवा चूककर्ता घोषित किया गया हो अथवा कोई धोखाधड़ी की सूचना दी गई हो न ही किसी राज्य अथवा केंद्र सरकार के विभाग/एजेंसियों द्वारा काली सूची/अस्वीकृत कंपनी की सूची में डाला होना चाहिए।

7.16 कंपनियों के लेखाओं के दावों के नमूने की जांच और लागत लेखापरीक्षा (यदि अपेक्षित हो) लागत लेखापरीक्षक के माध्यम से वस्त्र मंत्रालय द्वारा की जाएगी। उनके विनिर्माण स्थल/कार्यालयों के लेखा परीक्षा की अनुमति कंपनी द्वारा प्रस्तुत की जानी है।

7.17 प्रतिभागी अधिसूचित उत्पादों का निर्माण करने के लिए इनपुट और कच्ची सामग्रियों के उपयोग के लिए खपत और मालसूची का रजिस्टर रखेगा। प्रत्येक वर्ष के लिए प्राप्त किए गए प्रोत्साहन के पश्चात् 5 वर्षों तक अथवा मंत्रालय द्वारा लेखा परीक्षा पूर्ण कर लिए जाने तक, जो भी बाद में हो, अभिलेखों का रखरखाव किया जाएगा।

7.18 प्रतिभागी समान उत्पादों के विद्यमान बाजार मूल्य के आधार पर जीएसटी बीजक में उत्पाद के समुचित मूल्य को निर्दिष्ट करेंगे। योजना का अनुचित लाभ उठाने के लिए उत्पादों के बीजक में बढ़ा-चढ़ाकर उल्लेख किए जाने को गंभीरता से लिया जाएगा और समुचित दंड लगाया जाएगा।

7.19 प्रोत्साहन के लिए आवेदन करते समय प्रतिभागी विधिवत पुष्ट की गई और नॉटरी किया गया वचन-पत्र प्रस्तुत करेगा कि प्रस्तुत किया गया विवरण और दस्तावेज सही और वास्तविक हैं।

## 8 चयन का मापदंड:

8.1 वस्त्र मंत्रालय इस योजना के लिए प्रतिभागियों का चयन करने के लिए उद्योग से आवेदन आमंत्रित करेगा। आवेदनों की जांच करने के पश्चात् वस्त्र मंत्रालय सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता वाली चयन समिति की सिफारिश के आधार पर चयनित कंपनियों की सूची प्रकाशित करेगा।

8.2 चयन के लिए आवेदन की जांच करते समय चयन समिति द्वारा निम्नलिखित ग्रेडिंग प्रणाली को अपनाया जाएगा:

तालिका-3

| **क्र.सं.** | **मापदंड** | **ग्रेडिंग** | **वरियता के लिए अंक** |
|---|---|---|---|
| 1. | आवेदक की वित्तीय क्षमता | तुलन-पत्र में कारोबार और रिजर्व एवं अधिशेष के आधार पर (50:50%) | 0 से 10 |
| 2. | आवेदक का प्रासंगिक अनुभव एवं तकनीकी क्षमता | एमएमएफ, तकनीकी वस्त्र, वीविंग/प्रसंस्करण/गारमेंटिंग आदि में अनुभव और सामान्य तकनीकी क्षमता के आधार (50:50%) | 0 से 10 |
| 3. | विनिर्माण क्रियाकलाप का स्थान (#) | आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय द्वारा यथाअधिसूचित वांछित जिलों और श्रेणी 'ग' वाले शहरों में निवेश को अधिमानता (*) | 0 से 15 |
| | | श्रेणी क | 05 |
| | | श्रेणी ख | 10 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | श्रेणी ग एवं वांछित जिले | | 15 |
| 4. | निवेश | भाग-1 | भाग-2 | |
| | | 300-400 | 100-200 | 10 |
| | | 401 एवं इससे अधिक | 201 एवं इससे अधिक | 20 |
| 5. | प्रथम निष्पादन वर्ष से आगे अतिरिक्त प्रत्यक्ष रोजगार | 500 – 2500 | | 5 |
| | | 2501-5000 | | 10 |
| | | 5001-7500 | | 15 |
| | | 7501 – 10000 | | 20 |
| | | 10000 से अधिक | | 25 |
| 6. | उत्पाद लाइन | केवल एकल क्षेत्र निवेश (जैसे केवल एमएमएफ अपैरल अथवा एमएमएफ फैब्रिक अथवा केवल तकनीकी वस्त्र) | | 10 |
| | | एकीकृत वीविंग एवं प्रसंस्करण अथवा फैब्रिक से परिधान में निवेश | | 20 |
| | कुल अधिकतम | | | 100 |

# श्रेणी क से श्रेणी ख तक अथवा श्रेणी ग तक स्थान में परिवर्तन की अनुमति होगी श्रेणी ख के आवेदक को श्रेणी ग में ही परिवर्तन की अनुमति होगी न कि विलोमत। तथापि, यदि कोई प्रस्तावित इकाई आगामी पीएम-मित्र पार्क में अपने निवेश के स्थान को बदलना चाहती है तो उसे इस योजना के तहत समयावधि में किसी परिवर्तन के बिना अनुमति होगी। प्रतिभागी को स्थान में परिवर्तन से पहले वस्त्र मंत्रालय की पूर्व अनुमति लेना अपेक्षित है।

* शहरों की श्रेणी निम्नानुसार है:

| **समूह ‘क’ वाले शहर** | **समूह ‘ख’ वाले शहर** | **समूह ‘ग’ वाले शहर** |
|---|---|---|
| 1. ग्रेटर मुंबई | 1. अहमदाबाद | ग्रुप क और ख शहरों को |

| | | |
|---|---|---|
| 2. दिल्ली एनसीआर<br>3. कोलकाता<br>4. चेन्नई<br>5. बेंगलूरू<br>6. हैदराबाद<br>7. पुणे | 2. भुवनेश्वर<br>3. चंडीगढ़<br>4. कोयंबटूर<br>5. इंदौर<br>6. जयपुर<br>7. कोच्चि<br>8. लखनऊ<br>9. मदुरै<br>10. मैंगलोर<br>11. नागपुर<br>12.तिरुवनंतपुरम<br>13. तिरुचिरापल्ली<br>14. वडोदरा<br>15. विशाखापत्तनम | छोड़कर भारत के अन्य सभी शहर |

8.3 पैरा 7.1 में यथाउिल्लखित नई कंपनी बनाने के पश्चात् ही प्रतिभागी को "अनुमोदन पत्र" जारी किया जाएगा और यह हस्तांतरणीय नहीं है।

**9. चयन समिति:**

चयन समिति के पास योजना के अंतर्गत प्रतिभागी बनने के लिए पात्र आवेदकों का चयन करने का अधिकार होगा। चयन समिति के पास प्रोत्साहन के लिए स्वीकार्य कारोबार और पात्रता या योजना के कार्यान्वयन के दौरान उत्पन्न होने वाले किसी अन्य मुद्दे पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकार होगा।

चयन समिति की संरचना निम्नानुसार होगी:

1. सचिव वस्त्र-अध्यक्ष
2. अपर सचिव, वस्त्र मंत्रालय - सदस्य
3. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार-सदस्य
4. नीति आयोग के प्रतिनिधि - सदस्य
5. संयुक्त सचिव स्तर के डीपीआईआईटी के प्रतिनिधि - सदस्य
6. व्यापार सलाहकार-सदस्य सचिव
7. आर्थिक सलाहकार-सदस्य

**10. निवेश की शर्त**

10.1 **संयंत्र, मशीनरी और उपकरण:** इन दिशानिर्देशों के अंतर्गत संयंत्र, मशीनरी और उपकरण में निवेश नए संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबंधित उपयोगिताओं तथा टूल, डाई, मोल्ड्स, जिग्स, फिक्स्चर (पार्टस, एक्सेसरीज़, घटकों, और उनके स्पेयर) का निवेश शमिल होगा, जो किसी भी निर्मित अधिसूचित उत्पादों की डिजाइन, निर्माण, संयोजन, परीक्षण, पैकेजिंग या प्रसंस्करण में उपयोग किया जाता है। इसमें पैकेजिंग, फ्रेट/परिवहन, बीमा, और संयंत्र, मशीनरी, उपकरण और संबंधित उपयोगिताओं के निर्माण और कमीशनिंग पर व्यय भी शामिल होगा। संबंधित उपयोगिताओं में कैप्टिव पावर और एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, जल और विद्युत आपूर्ति और नियंत्रण प्रणाली जैसी संचालन क्षेत्रों में आवश्यक अपेक्षित उपकरण शामिल किया जाएगा। संबंधित उपयोगिताओं में सर्वर, सॉफ्टवेयर और ईआरपी साल्यूशन सहित विनिर्माण से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) अवसंरचना भी शामिल की जाएगी। ऐसे निवेश का उपयोग योजना के अंतर्गत पात्रता निर्धारित करने के लिए किया जाएगा।

10.2 संयंत्र, मशीनरी और उपकरण भागीदार के नाम पर खरीदे या लीज पर होने चाहिए। ऐसे मामले जहां ये लीज पर दिये जा रहे हैं, लीज लेखा मानक 19 - लीज या भारतीय लेखा मानक (इंड-एएस) -116 लीज के अर्थ के नाम से वित्तीय लीज की प्रकृति में होना चाहिए, जैसा कि प्रतिभागी पर लागू हो, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय या किसी अन्य उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया गया हो।

10.3 संयंत्र, मशीनरी और उपकरण को लागू करों और शुल्कों के भुगतान के बाद कानूनी रूप से वैध दस्तावेजों के माध्यम से खरीदी या लीज पर ली जानी चाहिए।

10.4 योजना के अंतर्गत अनुमोदित परियोजना के संयंत्र, मशीनरी और उपकरण का उपयोग अधिसूचित उत्पाद के विनिर्माण के लिए नियमित रूप से किया जाएगा जिसे वस्त्र मंत्रालय द्वारा जारी "अनुमोदन पत्र" में अनुमोदित किया गया है। यह अन्य वस्तुओं के विनिर्माण के लिए ऐसी मशीनरी के उपयोग को नहीं रोकता है।

10.5 **भवन और सिविल निर्माण:** कारखाना भवन (प्रशासनिक और आवासीय भवन को छोड़कर), कारखाने के अंदर संपर्क मार्ग आदि के निर्माण में किए गए निवेश को न्यूनतम निवेश की गणना के लिए विचार किया जाएगा।

10.6 भागीदार कंपनी इस योजना के अंतर्गत अधिसूचित उत्पादों के उत्पादन के लिए एक से अधिक विनिर्माण इकाई स्थापित कर सकती है। उन्हें आवेदन में प्रयोजन घोषित करना होगा।

10.7 **अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण प्रयोगशाला में निवेश:** अधिसूचित उत्पादों के विकास और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए अनुसंधान एवं विकास और परीक्षण प्रयोगशाला में कुल परियोजना लागत का 10% तक निवेश की अनुमति दी जाएगी और न्यूनतम निवेश के लिए जिम्मेदार होगा। आर एंड डी से जुड़े सॉफ्टवेयर को लागू करों और शुल्कों के भुगतान के बाद कानूनी रूप से वैध दस्तावेज के माध्यम से खरीदा या लाइसेंस प्राप्त किया जाना चाहिए।

## 11. संबंधित उपयोगिताएं

11.1 मौजूदा संबंधित उपयोगिताओं के उपयोग की अनुमति है। तथापि, ऐसी मौजूदा उपयोगिताओं में पहले से किए गए निवेश की गणना न्यूनतम निवेश योजना के अंतर्गत नहीं की जाएगी।

11.2 अधिसूचित उत्पादों के विनिर्माण के अनुरूप संबंधित उपयोगिताओं में नए निवेश को योजना के अंतर्गत पात्रता निर्धारण करने के लिए निवेश के अनुसार माना जाएगा।

## 12. अपात्र निवेश:

योजना के अंतर्गत भूमि और प्रशासनिक भवन में निवेश अर्थात् कार्यालय और अतिथि गृह भवन शामिल नहीं होंगे।

## 13. चयन प्रक्रिया के लिए आवेदन हेतु समय अनुसूचीः

13.1 योजना के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन विंडो 1 जनवरी, 2022 से 31 जनवरी, 2022 (समावेशी) की अवधि के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर खोली जाएगी। आवेदन विंडो बंद होने के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। हालांकि, पात्र आवेदनों की अपर्याप्त संख्या के मामले में, नए आवेदकों के चयन के लिए आवेदन विंडो फिर से खोली जाएगी।

13.2 आवेदक, अपने आवेदन में, योजना की अवधि दौरान अपनी वार्षिक निवेश योजना, अपेक्षित बिक्री कारोबार और अपेक्षित रोजगार सृजन और निर्यात के बारे में पीएमए/एमओटी को घोषित और सूचित करेगा।

13.3 आवेदन ऑनलाइन पोर्टल http://PLI.texmin.gov.in के माध्यम से और इसमें दिए गए प्रारूप में किया जाएगा। आवेदक को यथाउल्लिखित शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

13.4 50000/- रुपए का अप्रतिदेय आवेदन प्रसंस्करण शुल्क का भुगतान आवेदक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा।

13.5 आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने पर, एक विशिष्ट आवेदन आईडी संख्या के साथ पावती आवेदक को ईमेल के साथ-साथ एसएमएस के माध्यम से भी दी जाएगी। इस पावती को योजना के अंतर्गत अनुमोदन के रूप में नहीं माना जाएगा। यदि दस्तावेज अधूरे या कम पाए जाते हैं, तो वस्त्र मंत्रालय/पीएमए ऑनलाइन आवेदन की तारीख से 10 दिनों के भीतर प्रश्न पत्र जारी करेगा और आवेदक को इस तरह के प्रश्नों की प्राप्ति की तारीख से 10 दिनों के भीतर आवश्यक जानकारी/दस्तावेज जमा करना होगा। यदि आवेदक समय पर ऐसी जानकारी/दस्तावेज प्रदान करने में असफल रहता है, तो आवेदन को अस्वीकृत माना जाएगा।

आवेदन प्राप्त करने की अनुसूची सारणी-4

| पीएलआई आवेदन विंडो की शुरुआत | आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख | प्रश्न उठाने की अंतिम तारीख | अनुपालन हेतु तारीख |
|---|---|---|---|
| 01.01.2022 | 31.01.2022 | आवेदन जमा करने की तारीख से 10 दिन | ईमेल के माध्यम से प्रश्न प्राप्त होने की तारीख से 10 दिन |

## 14. योजना के अंतर्गत चयन की प्रक्रिया

14.1 योजना के दिशानिर्देश के प्रावधानों के अनुसार आवेदनों का मूल्यांकन किया जाएगा।

14.2 इस उद्देश्य के लिए वस्त्र मंत्रालय द्वारा गठित चयन समिति द्वारा मानदंड और बजटीय सीमाओं के आधार पर अनुमोदन के लिए आवेदनों पर विचार किया जाएगा।

14.3 आवेदन विंडो बंद होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर आवेदकों के चयन का अंतिम रूप दिया जाएगा।

14.4 अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, वस्त्र मंत्रालय चयनित आवेदकों की अंतिम सूची तैयार करने की तारीख से 5 कार्य दिवसों के भीतर चयनित और प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों को आवश्यक विवरण के साथ पत्र जारी करेगा।

14.5 **परिशिष्ट-II** के अनुसार केवल चयनित प्रतिभागियों को "अनुमोदन पत्र" जारी किया जाएगा और अन्य पात्र आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा।

14.6 यदि किसी भी स्तर पर कोई चयनित आवेदक अपात्र पाया जाता है, या यदि उसने योजना की आवेदन प्रक्रिया के दौरान अधिसूचनाओं, आदेशों, दिशानिर्देशों या अपनी स्वयं की प्रतिबद्धताओं के प्रावधानों का पालन नहीं किया है, या किसी भी स्तर पर योजना के तहत प्रस्ताव को अस्वीकार करता है, किसी भी कारण से, ऐसे चयनित आवेदक के परिकल्पित प्रोत्साहन दावा को वापस ले लिया जाएगा और आवेदक को जारी किया गया अनुमोदन निरस्त किया जा सकता है। ऐसे मामले में, प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए प्रस्ताव को बढ़ाया जा सकता है।

## 15 आवेदन शुल्क:

15.1 योजना के अंतर्गत पंजीकरण के लिए आवेदक को 50,000/- (पचास हजार रुपये) भुगतान करना होगा।

15.2 आवेदन शुल्क का एक बार भुगतान होने के बाद वापस नहीं किया जाएगा।

15.3 वस्त्र मंत्रालय के शीर्ष खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ट/ यूपीआई के माध्यम से शुल्क का भुगतान किया जाएगा। शुल्क भुगतान के लिए बैंक खाते का विवरण पीएलआई पोर्टल http://PLI.texmin.gov.in पर उपलब्ध कराया जाएगा।

## 16 प्रोत्साहन का दावा करने के लिए पात्रता मानदंड और शर्तें:

16.1 न्यूनतम निवेश और न्यूनतम/वृद्धिशील कारोबार के मानदंडों को पूरा करने वाले चयनित प्रतिभागी प्रोत्साहन का दावा करने के लिए पात्र होंगे। प्रोत्साहनों के संवितरण के लिए आवेदन प्रपत्र पोर्टल http://PLI.texmin.gov.in में दिया गया है। प्रतिभागी को सभी निर्धारित जानकारी भी प्रस्तुत करनी होगी।

16.2 किसी दिए गए वर्ष के लिए यदि कोई प्रतिभागी न्यूनतम वृद्धिशील कारोबार प्राप्त करने में असफल रहता है, तो वह प्रतिभागी उस विशेष वित्तीय वर्ष के लिए प्रोत्साहन का दावा करने के लिए पात्र नहीं होगा। तथापि, प्रतिभागी को बाद के वर्षों के लिए निष्पादन वर्ष-5 तक और वित्तीय वर्ष 2028-29 तक के लिए प्रोत्साहन का दावा करने

से प्रतिबंधित नहीं किया जाएगा, बशर्ते कि निर्धारित और वृद्धिशील कारोबार लक्ष्य बाद के वित्तीय वर्षों में प्राप्त किए गए हों।

16.3 अधिसूचित उत्पादों का वृद्धिशील कारोबार योजना के तहत निर्मित उत्पादन क्षमता के अनुरूप होना चाहिए।

## 17 प्रोत्साहन की गणना के लिए मानदंड

17.1 प्रोत्साहन की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

**निष्पादन वर्ष के लिए प्रतिशत में प्रोत्साहन की दर × करों को छोड़कर अधिसूचित उत्पाद की सीमा के भीतर कुल वृद्धिशील बिक्री**

जहां,

(i) अधिसूचित उत्पाद (दो) को इस योजना में परिभाषित किया जाएगा और चयनित प्रतिभागी को जारी "अनुमोदन पत्र" में इसका उल्लेख किया जाएगा।

(ii) कुल वृद्धिशील बिक्री, प्रतिभागी कंपनी द्वारा विनिर्मित अधिसूचित उत्पाद में प्रतिभागी का कारोबार होगा जिसमें से योजना अवधि के दौरान तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष में प्रतिभागी के अधिसूचित उत्पादों के लिए कारोबार घटा दिया जाएगा।

(iii) आवेदक द्वारा समूह कंपनियों को अधिसूचित उत्पाद (उत्पादों) की कैप्टिव खपत या अधिसूचित उत्पाद (उत्पादों) की बिक्री के मामले में, अधिसूचित उत्पाद (उत्पादों) के सकल कारोबार की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

(क) बिक्री के लिए जीएसटी नियमों के अनुसार अधिसूचित उत्पादों को केवल वृद्धिशील कारोबार के लिए विचार किया जाएगा। प्रतिभागी द्वारा विनिर्मित अपस्ट्रीम उत्पादों की कैप्टिव खपत के मामले में कोई प्रोत्साहन देय नहीं होगा।

(ख) यदि कोई प्रतिभागी समूह कंपनी और गैर-समूह कंपनी को अधिसूचित उत्पाद बेच रहा है, तो समूह या गैर-समूह कंपनी को बिक्री मूल्य प्रस्तुत किया जाएगा जो भी कम हो संबंधित पक्ष, के बीच लेनदेन का कुल मूल्य निर्धारण के लिए विचार किया जाएगा।

(iv) निष्पादन वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च तक सृजित बीजक को उस वित्तीय वर्ष के लिए प्रोत्साहन की गणना के लिए माना जाएगा

(v) सामान्य बैंकिंग चैनलों के माध्यम से बिक्री की आय की वसूली का दायित्व प्रतिभागी के पास होगा। वस्त्र मंत्रालय के पास बिक्री आय की वसूली के साक्ष्य के दस्तावेजों को सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित है, जिसे प्रतिभागी के कारोबार और प्रोत्साहन की गणना के लिए माना जाएगा और बिक्री आय की वसूली में किसी भी चूक के मामले में उपयुक्त वसूली और दंडात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है।

**18. प्रोत्साहन संवितरण की प्रक्रिया और समय अनुसूची**

**18.1** निष्पादन वर्ष के तत्काल बाद के वित्तीय वर्ष के 31 दिसंबर तक आवेदक द्वारा प्रोत्साहन का दावा करने के लिए सभी तरह से पूर्ण एक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाएगा। कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षक द्वारा लेखा परीक्षित खाते के विवरण के साथ अपना दावा प्रतिभागी दाखिल करेगा। उदाहरण के लिए: निष्पादन वर्ष 2024-2025 के लिए प्रोत्साहन का दावे के लिए आवेदन 31.12.2025 तक किया जाएगा।

**18.2** आवेदक अपने लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ निष्पादन वित्तीय वर्ष में की गई बिक्री के लिए वार्षिक आधार पर प्रोत्साहन के संवितरण हेतु दावा प्रस्तुत करेगा।

**18.3** पीएमए सभी सहायक दस्तावेजों के साथ ऐसे दावे की प्राप्ति की तारीख से 45 दिनों के भीतर प्रोत्साहन के संवितरण के दावे को क्रियान्वित करेगा और वस्त्र मंत्रालय को उचित सिफारिशें करेगा।

**18.4** अनुमोदन प्राधिकारी द्वारा दावों के अनुमोदन पर, प्रोत्साहन का संवितरण पीएफएमएस के माध्यम से प्रत्यक्ष बैंक हस्तांतरण के द्वारा या सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन की तारीख से 15 दिनों के भीतर वेतन और लेखा अधिकारी (पीएओ) द्वारा केवल प्रतिभागी कंपनी के खाते में समायोजन के किसी अन्य तंत्र के माध्यम से किया जाएगा।

**18.5** गलती से अधिक दावों के संवितरण के मामले में, आवेदक को तत्काल स्वत: ही वस्त्र मंत्रालय को वापस करना होगा। यदि प्रतिभागी अतिरिक्त राशि वापस करने में असफल रहता है प्रति वर्ष 15% साधारण ब्याज के साथ प्रतिपूर्ति के लिए जिम्मेवार होगा जिसकी गणना प्रोत्साहन के संवितरण की तारीख से और प्रतिभागी द्वारा वापसी की वास्तविक तारीख तक की जाएगी। भुगतान वस्त्र

मंत्रालय के शीर्ष खाते में किया जाएगा। बैंक खाते का विवरण पीएलआई पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा

**18.6** कंपनी पीएलआई पोर्टल **http://PLI.texmin.gov.in** पर निर्धारित प्रारूप के अनुसार आउटपुट-आउटकम विवरण प्रस्तुत करेगी।

## 19. परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए)

इस योजना को परियोजना प्रबंधन एजेंसी (पीएमए) की सहायता से क्रियान्वित किया जाएगा जो सचिवालय, प्रबंधकीय और कार्यान्वयन सहायता प्रदान करने तथा समय-समय पर वस्त्र मंत्रालय द्वारा सौंपे गए दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होगी।

## 20. निवेश के सामान्य नियम और शर्तें

### 20.1 व्यय और निवेश:

(i) उपभोग की जाने वाली वस्तुओं और विनिर्माण के लिए प्रयुक्त कच्ची सामग्री पर व्यय को निवेश के रूप में नहीं माना जाएगा।

(ii) चयनित आवेदक के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण में निवेश के पूंजीकरण की तारीख को योजना के अंतर्गत निवेश की तारीख के रुप में माना जाएगा।

(iii) निवेश का शीर्ष, जिसके आधार पर पात्रता निर्धारित की जा रही है, को सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित आवेदकों के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण में पूंजीकृत किया जाना चाहिए।

(iv) न्यूनतम निवेश के अंतर्गत किसी भी पुराने/प्रयुक्त/नवीनीकृत संयंत्र, मशीनरी, उपकरण, उपयोगिताओं की अनुमति नहीं दी जाएगी।

20.2 **बीमा:** प्रतिभागियों को प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात, भूकंप, सुनामी आदि के विरुद् सभी चल और अचल संपत्तियों का पर्याप्त बीमा कवर सुरक्षित करने की सलाह दी जाती है। ऐसी स्थिति में किसी भी नुकसान की क्षतिपूर्ति के लिए वस्त्र मंत्रालय उत्तरदायी नहीं होगा।

20.3 **गुणवत्ता मानकों के अनुरूप**: प्रतिभागियों द्वारा निर्मित सभी अधिसूचित उत्पाद समय-समय पर संबंधित प्राधिकारियों द्वारा जारी लागू नियामक मानदंडों, गुणवत्ता मानकों और दिशानिर्देशों के अनुरूप होंगे। यदि वस्त्र मंत्रालय आवश्यक समझे, तो वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रयोगशालाओं और परीक्षण केंद्रों से गुणवत्ता रिपोर्ट मांग सकता है।

**21. प्रमाणपत्र:**

